TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org


# 2024

हिन्दी दिवस विशेष

14 सितंबर 2024


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

हिन्दी भाषा और हिन्दी साहित्य को सर्वांगसुन्दर बनाना हमारा कर्तव्य है।

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद**



राकेश कुमार

Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 14 सितम्बर

1. **हिन्दी दिवस–** 14 सितम्बर, 1949 ई. को संविधान सभा ने हिन्दी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इसी परिप्रेक्ष्य में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। एक तथ्य यह भी है कि गाँधी जी ने वर्ष 1918 में हिन्दी साहित्य सम्मेलन में हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने को कहा था। इसे गाँधी जी ने जनमानस की भाषा कहा था। 14 सितम्बर, 1949 ई. को ही काफी विचार–विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया जो कि भारतीय संविधान के भाग 17 के अध्याय की अनुच्छेद 343(1) में वर्णित है। इसके अनुसार संघ की राष्ट्रभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी। यह दिवस 14 सितम्बर को ही मनाया जाता है, क्योंकि हिन्दी के पुरोधा व्यौहार राजेन्द्र सिंहा का 50वां जन्मदिन था, जिन्होंने हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए बहुत लंबा प्रयास किया।

2. **भारत का पहला महाराज्यपाल (गर्वनर जनरल)–** वर्ष 1833 में विलियम बेंटिक को भारत का पहला महाराज्यपाल नियुक्त किया गया, अर्थात् सम्पूर्ण ब्रिटिश भारत पर पूर्ण अधिकार 1833 ई. में विलियम बेंटिक को सौंप दिया गया। पहले वह वर्ष 1803–1808 ई. तक वे मद्रास के गर्वनर बनकर भारत आये थे। वर्ष 1828–1833 ई. तक बंगाल के गर्वनर जनरल रहे। इसके बाद वर्ष 1833–1835 ई. तक सम्पूर्ण ब्रिटिश भारत का गर्वनर जनरल बना दिया गया। इनके द्वारा भारत में कई सामाजिक, शैक्षणिक और वित्तीय सुधार किये गए। सती प्रथा, ठगी, बाल–हत्या, मानव बलि, दास–प्रथा को समाप्त करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान था।
   - **संदर्भः** वर्ग 8 की इतिहास की पाठ्यपुस्तक से जोड़कर बच्चों को बताया जा सकता है।

**"हिन्दी हमारे राष्ट्र की अभिव्यक्ति का सरलतम स्त्रोत है।"**
**–सुमित्रानंदन पंत**

**"इस विशाल प्रदेश के हर भाग में शिक्षित–अशिक्षित, नागरिक और ग्रामीण सभी हिंदी को समझते हैं।"**
**–राहुल सांकृत्यायन**

**"हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का बहिष्कार नहीं किया।"**
**–राजेंद्रप्रसाद**

S a t u r d a y



*Madhu priya*

Teachers of Bihar
The change makers
दिवस विशेष
14 सितंबर

मधु प्रिया

# हिंदी दिवस 14 सितंबर




हमारा देश भारत विविधता में एकता का प्रतीक है, जिसमें 22 अलग-अलग भाषाएं बोली जाती हैं। इन्हें संजोकर रखने का काम हिंदी भाषा करती है। अपनी मातृभाषा की विशेषता को पूरी दुनिया में पहुंचाने के लिए हिंदी दिवस मनाया जाता है। आजादी के बाद वर्ष 1953 में 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मानने की घोषणा की गई थी। पहला हिंदी दिवस 14 सितम्बर 1953 को मनाया गया था, जब भारत के तत्कालीन प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इस दिन को हिंदी दिवस के रूप में याद करने का निर्णय लिया था।विश्व में हिन्दी का विकास करने और इसे प्रचारित-प्रसारित करने के उद्देश्य से विश्व हिन्दी सम्मेलनों की शुरुआत की गई और प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन 10 जनवरी 1974 को नागपुर में आयोजित हुआ तब से ही इस दिन को 'विश्व हिन्दी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। विश्व हिन्दी सचिवालय मॉरिशस में स्थित है। संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी। संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप अन्तरराष्ट्रीय रूप होगा। यह निर्णय 14 सितम्बर को लिया गया, इसी दिन हिन्दी के मूर्धन्य साहित्यकार व्यौहार राजेन्द्र सिंह का 50वाँ जन्मदिन था, इस कारण हिन्दी दिवस के लिए इस दिन को श्रेष्ठ माना गया था। 1918 में गांधी जी ने हिन्दी साहित्य सम्मेलन में हिन्दी भाषा को राजभाषा बनाने को कहा था। इसे गांधी जी ने जनमानस की भाषा भी कहा था। वर्ष 1949 में स्वतंत्र भारत की राजभाषा के प्रश्न पर 14 सितम्बर 1949 को काफी विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया जो भारतीय संविधान के भाग 17 के अध्याय की अनुच्छेद 343 में इस प्रकार वर्णित है। संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी। संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप अंतर्राष्ट्रीय रूप होगा।

## जयंती विशेष 14 सितंबर

राकेश कुमार




**ज्ञान चंद्र घोष** *Jnan Chandra Ghosh*, जन्म- 14 सितम्बर, 1894 ई., पुरुलिया, पश्चिम बंगाल; मृत्यु- 21 जनवरी, 1959 ई.) भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिकों में से एक थे। ये अनेक वैज्ञानिक संस्थाओं के संस्थापक और सदस्य रहे थे। घोष के अनुसंधान कार्यों से ही उनका यश विज्ञान जगत् में फैला था।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 14.09.2024

## परिकल्पना

किसी घटना की व्याख्या करने वाला कोई सुझाव या अलग-अलग प्रतीत होने वाली बहुत सी घटनाओं के आपसी सम्बन्ध की व्याख्या करने वाला कोई तर्कपूर्ण सुझाव परिकल्पना (hypothesis) कहलाता है। वैज्ञानिक विधि के नियमानुसार आवश्यक है कि कोई भी परिकल्पना परीक्षणीय होनी चाहिये।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar

September 14

## हिंदी

मात्र एक भाषा नहीं,
हमारी मातृभाषा है..




## हिंदी शब्द की उत्पत्ति-

हिंदी फारसी भाषा का शब्द है। हिंदी शब्द की उत्पत्ति सिन्धु (सिन्ध) से हुई है क्योंकि ईरानी भाषा में 'स' को 'ह' बोला जाता है। हिंदी शब्द सिन्धु शब्द का प्रतिरूप है। आज हम जिस भाषा को हिंदी के रूप में जानते है, वह आधुनिक आर्य भाषाओं में से एक है। हिंदी सबसे आसान भाषा में से एक है। जिसे एकदम वैसा ही पढ़ा जा सकता है जैसे वो लिखी गई है।

www.teachersofbihar.org

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

cricket




# बांग्लादेश का भारत दौरा

| मैच | तारीख | वेन्यू | टाइम |
|---|---|---|---|
| पहला टेस्ट | 19 सितंबर | चेन्नई | सुबह 9:30 |
| दूसरा टेस्ट | 27 सितंबर | कानपुर | सुबह 9:30 |
| पहला टी-20 | 6 अक्टूबर | ग्वालियर | शाम 7:00 |
| दूसरा टी-20 | 9 अक्टूबर | दिल्ली | शाम 7:00 |
| तीसरा टी-20 | 12 अक्टूबर | हैदराबाद | शाम 7:00 |

कक्षा 10

# ToBTLM 155

# धातु और अधातु

## धातु की ऑक्सीजन से अभिक्रिया

धातु ऑक्सीजन से अभिक्रिया कर धातु का ऑक्साइड बनाता है ।

**धातु + ऑक्सीजन ⟶ धातु ऑक्साइड**

$Na + O_2 \longrightarrow Na_2O$

सोडियम ऑक्सीजन सोडियम ऑक्साइड

$K + O_2 \longrightarrow K_2O$

पोटैशियम ऑक्सीजन पोटैशियम ऑक्साइड

$Cu + O_2 \longrightarrow CuO$

कॉपर ऑक्सीजन कॉपर ऑक्साइड

प्रायः धातु के ऑक्साइड प्रायः क्षारीय स्वभाव के होते हैं।

कुछ धातु ऑक्साइड अम्लीय और क्षारकीय दोनों प्रकार के व्यवहार करते हैं।


# अर्द्धवार्षिक

# परीक्षा कार्यक्रम 2024

| तिथि | प्रथम पाली<br>समय: 10.00 पू. से 12.00 अप. | द्वितीय पाली<br>समय: 01.00 अप. से 03.00 अप. |
|---|---|---|
| 18.09.2024<br>( बुधवार ) | पर्यावरण अध्ययन/ सामाजिक विज्ञान<br>(कक्षा III से VIII के लिए) | विज्ञान<br>(कक्षा VI - VIII के लिए) |
| 19.09.2024<br>( गुरुवार ) | राष्ट्रभाषा हिन्दी<br>(कक्षा III - VIII के लिए) | संस्कृत /अन्य<br>(कक्षा VI - VIII के लिए) |
| 20.09.2024<br>( शुक्रवार ) | सह-शैक्षिक गतिविधियों का अवलोकन<br>(मकतब /मदरसा विद्यालयों को छोड़कर सभी विद्यालयों के लिए) | |
| 21.09.2024<br>( शनिवार ) | भाषा (हिन्दी/उर्दू)<br>(कक्षा I - V के लिए) | भाषा (हिन्दी/उर्दू)<br>(कक्षा VI - VIII के लिए) |
| 22.09.2024<br>( रविवार ) | सह-शैक्षिक गतिविधियों का अवलोकन<br>(मकतब /मदरसा विद्यालयों के लिए) | |
| 23.09.2024<br>( सोमवार ) | अंग्रेज़ी<br>(कक्षा I-V के लिए) | अंग्रेज़ी<br>(कक्षा VI-VIII के लिए) |
| 24.09.2024<br>( मंगलवार ) | गणित<br>(कक्षा I-V के लिए) | गणित<br>(कक्षा VI-VIII के लिए) |

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
हिंदी भाषा है विविधिता में एकता की पहचान
भारतीय रेल आपस में जोड़ती है पूरा हिंदुस्तान
१४ सितंबर
समस्त देशवासियों को
हिंदी दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


हिंदी दिवस
14 सितंबर
क फ द ड
ठ ट ऐ च
उ ह ए अ स इ ई
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
"हिंदी भाषा अनेकता में एकता को
स्थापित करने की सूत्रधार है।"
हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
www.teachersofbihar.org
पुनीता कुमारी



हिंदी को राजभाषा बनाने
की दिशा में अति महत्वपूर्ण
योगदान देने वाले

# व्यौहार राजेंद्र सिंह

की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

जन्म- 14 सितम्बर 1900
मृत्यु-- 02 मार्च 1988

www.teachersofbihar.org

Madhu priya